SRV MEDIA

Entrepreneurship Development Institute of India, Ahmedabad

EDII के यूथ एण्ड चिल्ड्रन एंटरेप्रेन्योरशिप कैम्प..... एक मंच जो छात्रों में विकसित करेगा जीत की विशेषताएं

अहमदाबाद, 10 अप्रैल, 2024: एंटरेप्रेन्योरशिप डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (EDII) ने युवाओं एवं बच्चों के लिए एंटरेप्रेन्योरियल एडवेंचर्स पर नेशनल समर कैम्प की घोषणा की है। 12–16 साल के बच्चों के लिए एंटरेप्रेन्योरियल सिमुलेशन्स पर नेशनल समर कैम्प के 42वें एवं 43वें चैप्ट्र्स का आयोजन क्रमशः 5 से 10 मई और 26 से 31 मई के बीच होगा। कैम्प्स का संचालन EDII अहमदाबाद परिसर में किया जाएगा।
इसके अलावा 16–22 वर्ष के युवाओं के लिए एंटरेप्रेन्योरियल एडवेंचर्स के 45वें एवं 46वें समर कैम्प्स का आयोजन 13 मई से 22 मई और 2 जून से 11 जून के बीच EDII अहमदाबाद परिसर में किया जाएगा।

‘‘*EDII* में हम आने वाले कल के लीडर्स को आयाम देना चाहते हैं। टेक एवं एंटरेप्रेन्योरशिप के विशेषज्ञों, मनोवैज्ञानिकों, व्यवहार वैज्ञानिकों एवं संचार विशेषज्ञों के नेतृत्व में संचालित हमारे नेशनल समर कैम्प आज की दुनिया में सफलता के ज़रूरी दक्षता विकसित करने के लिए गतिविधियां लेकर आएंगे। कैम्प्स के दौरान प्रतिभागियों को क्लासरूम सत्रों, फील्ड विज़िट, विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने, रोमांचक गेम्स, रोल–प्ले और सिमुलेशन में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा, वे एंटरेप्रेन्योरशिप के लिए प्रेरित होकर एक नई यात्रा की ओर बढ़ सकेंगे।’’डॉ पंकज भारती, कैम्प डायरेक्टर **EDII** ने कहा।

बच्चों एवं युवाओं के लिए आयोजित ये दोनों कैम्प, रेज़ीडेन्शियल हैं, और अपनी विशेष गतिविधियों एवं उपकरणों के माध्यम से उन्हें आज के बदलते दौर में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। पिछले चार दशकों से संस्थान ने युवाओं एवं बच्चों को महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध कराया है। ये कैम्प उनके विकास को प्रभावित करेगा, उन्हें अपने व्यक्तित्व को समझने में मदद करेगा। ताकि वे जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में उचित व्यवहार एवं प्रतिक्रिया देकर सफलता

SRV MEDIA

हासिल कर सकें। देश भर के 4500 से अधिक बच्चों एवं युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने के शानदार रिकॉर्ड के साथ EDII युवाओं में उद्यमिता एवं उपलब्धियों की भावना को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है, ताकि वे आने वाले कल में दृढ़ता से आगे बढ़ते हुए सर्वोच्च उपलब्धियां हासिल कर सकें।

आवेदन की प्रक्रिया और अंतिम दिनांक

आवेदन के लिए उम्मीदवारों को अपने नाम, योग्यता, पाठ्येत्तर गतिविधियों, शैक्षणिक पृष्ठभुमि, शौक, संपर्क विवरण, अपने माता–पिता का नाम, व्यवसाय, संपर्क एपं ईमेल पता, फोन/ फैक्स नंबर के साथ अपना रेज़्युमे जमा करना होगा। फोर्म के साथ पासपोर्ट साइज़ की फोटो लगाकर इसे डॉ पंकज भारती (pbhatir@ediindia.org) या डॉ बैशाली मित्रा (baishali@ediindia.org) को भेजें। छात्रों को दो पासपोर्ट साइज़ की फोटो लगाकर अपनी पसंद के कैम्प के अनुसार शुल्क जमा करना होगा। शुल्क में परिवहन का खर्च, अन्य खर्च, मेडिकल बीमा शामिल नहीं हैं।

युवाओं के लिए

रजिस्ट्रेशन के दौरान रु 31,860 की राशि (जीएसटी सहित) डीडी/ एनईएफटी, आरटीजीएस/ ऑनलाईन माध्यम से EDII अहमदाबाद को भेजनी होगी। संगठन के पास एक्ज़क्टिव्स के बच्चों को नामांकित करने का विकल्प होगा। पहले कैम्प के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम दिनांक 9 मई 2024 और दूसरे कैम्प के लिए 29 मई 2024 है।

बच्चों के लिए

कैम्प में रजिस्ट्रेशन का शुल्क रु 16000 प्रति प्रतिभागी (18 फीसदी जीएसटी अलग से) है। इसमें ट्यूशन शुल्क, कैम्प सामग्री, एयर–कंडीशनिंग से युक्त ट्विन शेयरिंग अकॉमोडेशन को कवर किया जाएगा। पहले कैम्प के लिए रजिस्टर करने की अंतिम दिनांक 1 मई 2024 और दूसरे कैम्प के लिए अंतिम दिनांक 22 मई 2024 है।

About EDII (www.ediindia.org)

Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad is an autonomous and not-for-profit institute, set up in 1983. It is an acknowledged National Resource Institute for Entrepreneurship Education, Research, MSME & Startup Growth, Training & Institution Building. It is promoted by IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd., State Bank of India (SBI) and the Government of Gujarat. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute is also positioned in the band of 11 – 50 (innovation category) in the NIRF India Rankings 2023 by the Ministry of Education, Govt. of India.

For more information, please contact:

Dr Pankaj Bharti, Camp Leader
EDII
pbharti@ediindia.org /
camps@ediindia.org

Baishali Mitra, Camp Co-Leader
baishali@ediindia.org